खाओ पियो ऐश करो

दुनिया जलती है जलने दो,
खाओ पियो ऐश करो भगवान का भजन करो....

श्याम बागों में आया करो,
फुलवा तोड़ हम देंगे तो माला बनाया करो,
दुनिया जलती है जलने दो....

श्याम तारों पर आया करो,
साबुन सर्फ हम देंगे तुम कपड़ा धुलाया करो,
दुनिया जलती है जलने दो.....

श्याम कुंओ पर आया करो,
रस्सी बाल्टी हम देंगे तुम गगरी भराया करो,
दुनिया जलती है जलने दो.....

श्याम गलियों में आया करो,
गोपियां बनेंगे हम तुम रास रचाया करो,
दुनिया जलती है जलने दो.....

श्याम महलों में आया करो,
आटा पानी हम देंगे तुम रोटी बनाया करो,
दुनिया जलती है जलने दो.....

श्याम कीर्तन में आया करो,
माखन मिश्री हम देंगे तुम भोग लगाया करो,
दुनिया जलती है जलने दो.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25343/title/khao-piyo-aish-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |